# चीनी उत्पादन 250 लाख टन से ज्यादा

**नई दिल्ली** ◆ देश में चालू मार्केटिंग वर्ष 2011-12 के दौरान चीनी का उत्पादन अनुमान बढ़ाकर 250 लाख टन से ज्यादा तय किया जा सकता है। राज्यों के गन्ना आयुक्तों की बैठक में चीनी उत्पादन के ताजा अनुमान संकलित किए गए हैं। गन्ना आयुक्तों ने पहले देश में 246 लाख टन चीनी का उत्पादन होने का अनुमान लगाया था। पिछले मार्केटिंग वर्ष 2010-11 के दौरान 242 लाख टन चीनी का हुआ था। एक सूत्र ने बताया कि गत दिवस हुई दस राज्यों के गन्ना आयुक्तों की बैठक में 250 लाख टन चीनी उत्पादन होने का अनुमान लगाया गया। हालांकि सरकारी उत्पादन अनुमान अभी भी उद्योग के अनुमान से कम है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) ने चालू सीजन में 260 लाख टन चीनी का उत्पादन होने का अनुमान लगाया है। (प्रेट्र)